





डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल


वर्ष 18 | अंक 86 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 04 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


## फांसी लगाकर प्रोढ़ ने की आत्महत्या

**नीमच, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम रेवली -देवली में बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते एक 55 वर्षीय प्रोढ़ व्यक्ति ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर नीमच सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़े अस्पताल पहुंचाया गया।

सिटी थाने की एएसआई संगीता चौहान ने बताया कि बुधवार को ओम प्रकाश ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस थाने पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल मृतक ने आत्महत्या क्यों की है, इसका कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

## तगड़े होमवर्क के सहारे आगे बढ़ रहे हैं डॉ. मोहन यादव...



प्रकाश भटनागर

वाकई, बातों में बड़ा बदलाव तो आ रहा है। दो साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उस समय के बुरहानपुर कलेक्टर प्रवीण सिंह की ऑनलाइन तरीके से बुरी तरह खिंचाई कर दी थी। कलेक्टर उस बैठक में मुख्यमंत्री की बातों का सीधा जवाब देने की बजाय इधर-उधर देख रहे थे। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर के कलेक्टर किशोर कन्याल को दूसरी वजह से हटा दिया है। वजह यह, कि कन्याल ने एक आम आदमी को उसकी औकात दिखाने की हिमाकत की। कन्याल ने एक ट्रक ड्राइवर को 'औकात में रहने' के लिए कहा। नतीजा यह कि मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को उनकी औकात याद दिला दी। यह बहुत अनुकरणीय संदेश है। डॉ. यादव के इस एक निर्णय ने साफ कर दिया है कि राज्य में अफसर जनता की मदद करने के लिए हैं, उन पर हुकूमत करने के लिए नहीं। जो नौकरशाही अक्सर खुद को खुदा मानने जैसी गलतफहमी से घिर जाती है, उसे आज साफ बता दिया गया है कि आला से आला अफसर भी अंतत: पब्लिक सर्वेंट ही है और उसे इससे ठीक उलट किसी भ्रम में नहीं जीना चाहिए।

कहने वाले मुख्यमंत्री डा. यादव के इस कदम को यह कह कर भी हल्के में ले सकते हैं कि 'नया मुल्ला है, नमाज ज्यादा पढ़ता है।' जाहिर है मुख्यमंत्री ने अपनी शुरूआत अफसरशाही में कुछ कड़े संदेशों से दी है। यह सिलसिला आगे बढ़ता रहेगा, इसमें अब किसी को शंका नहीं करना चाहिए। जाहिर है ताजा मामले में मूलत: गलती पूरे सिस्टम की ही है। क्योंकि, देश में आईएएस की भर्ती से से लेकर उनकी ट्रेनिंग और बाद वाले रसूख को आज भी कई ऐसे अहंकारों से अलंकृत रखा गया है, जिसके चलते इस पद के कई चेहरे स्वयं को अंग्रेजों के जमाने वाले 'बड़ा साहब' से कम नहीं मानते हैं। इस सोच के चलते शाजापुर जैसे शर्मनाक और आपत्तिजनक किस्से आए दिन सामने आते हैं।

ऐसे कुछ मामलों में ही डॉ. मोहन यादव जैसी सख्ती दिख पाती है और अधिकांश में यही दिखता है कि सिस्टम पर अफसरशाही हावी है। ऐसे में कन्याल पर की गयी कार्यवाही यह बताती है कि व्यवस्था में हर एक ऊंट के लिए एक पहाड़ वाली स्थिति हमेशा कायम है। बशर्ते इसके लिए डॉ. यादव जैसे सख्त तेवर वाली हिम्मत हो। सच तो यह है कि मुगालता पालने वालों को अंतत: उनके ऐसे तेवर के चलते ही करारा जवाब मिलना भी चाहिए। अंतत: कोई भी अफसर या कर्मचारी जनता और उसकी चुनी हुई सरकार के बीच संवाद और विश्वास की अहम कड़ी होते हैं। और यदि उनके भीतर कन्याल जैसे भाव के लिए प्रतिक्रिया पनपती रहे तो अंतत: उसका खामियाजा सरकार को ही भुगतना होता है। फिर डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री के तौर पर भले ही नए हों। लेकिन, सार्वजनिक जीवन के अनुभवी नेता तो हैं। और खास बात यह कि इस अनुभव का ककहरा उन्होंने जमीन से जुड़े कार्यकर्ता से लेकर विधायक और मंत्री के रूप में सीखा है। वह निश्चित ही जानते हैं कि बेलगाम अफसरशाही किस तरह 2003 में दिग्विजय शासन के पतन का कारण बनी और इसी बिरादरी पर ठोस अंकुश न लगा पाने के चलते किन-किन मुख्यमंत्रियों को कैसी-कैसी तोहमत अपने ऊपर लेना पड़ गई थीं। फिर चाहे वह किसी भी पार्टी या गठबंधन की सरकार से जुड़ा मामला क्यों न हो। शाजापुर का निर्णय बताता है कि डॉ. यादव तगड़े होमवर्क के सहारे आगे बढ़ रहे हैं।

# कृषि उपज मंडी में कर्मचारी राज

## चार साल से प्रशासक के भरोसे मंडी की कमान, अध्यक्ष विहीन मंडी में किसान परेशान, कर्मचारियों पर नहीं अंकुश




**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** चार सालों से कृषि उपज मंडी में चुनाव नहीं हुए है। मंडी की कमान प्रशासक के हाथ में है। अपने विभाग और प्रशासकीय कार्यो में व्यवस्तता के कारण प्रशासक मंडी की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे। परिणाम अव्यवस्थाओं के रूप में कई बार सामने आ चुका है। कर्मचारियों की मनमानी के चलते कई बार किसानों का आक्रोश भी देखा गया। रिश्वत के मामले में लेखापाल को ईओडब्ल्यू की टीम ने पकड़ा। इस बात से साफ है कि कर्मचारी राज कृषि उपज मंडी में चल रहा है।

### कई बार किसानों का आक्रोश सड़क पर दिखा...

गर्मी और बारिश में व्यवस्थाओं के अभाव में किसान मंडी में जैसे-तैसे समय गुजारकर नीलामी का इंतजार करते हैं। इसके अलावा अन्य कई समस्याओं के बीच कई बार किसानों का आक्रोश भी देखने को मिला। एक सप्ताह पहले ही कम भाव को लेकर किसानों ने राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ऐसा आए दिन हो रहा है। इसका कारण है कि पहले अध्यक्ष को सीधे किसान समस्या बता पा रहे थे। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते समस्या का समाधान भी हो रहा था। लेकिन, अब अफसरशाही मंडी पर हावी हो रही है।

### 11 साल पहले हुए थे चुनाव...

मंडी चुनाव के समय से अधिक होने के चलते कृषि उपज मंडियों में बनी समितियां 6 जनवरी 2019 को भंग हो गई थी। इसके बाद मंडियों का कार्यभार प्रशासनिक अधिकारियों के पास आ गया था। क्षेत्र में 2012 में मंडी चुनाव हुए थे। इस हिसाब से देखा जाए तो पांच साल बाद 2017 में चुनाव होने थे। इसमें मंडी समिति का कार्यकाल 6-6 माह की अवधि के लिए दो बार बढा दिया गया था। कार्यकाल के एक साल बढने के बाद 2018 में मंडी चुनाव होने के क्यास लगाए जा रहे थे। लेकिन, यह साल भी पूरा ऐसे ही बीत गया। 6 जनवरी 2019 को क्षेत्र की मंडियों में बनी समितियां भंग हो गई थीं, वहीं मंडी का कार्यभार जब तक चुनाव नहीं होते है तब तक प्रशासनिक अधिकारियों के पास आ गया था।

### हाईकोर्ट ने किया था जवाब तलब...

एक साल पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों के चुनाव न कराए जाने के रवैये को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जवाब-तलब किया था। इस सिलसिले में मुख्य चुनाव आयुक्त व मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके बाद विस चुनाव समर शुरु हो गया। बाद में आचार संहिता लग गई। नई सरकार बनने के बाद भी अभी तक मंडी चुनाव की कोई गतिविधि शुरु नहीं हो पाई है।

## अचानक आग के गोले में बदली प्लास्टिक फैक्ट्री

### पड़ोस का मकान भी चपेट में आया

**रतलाम, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 5 बजे भीषण आग लग गई। आग श्री कंचन प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी थी। देखते ही देखते समूची फैक्टरी आग के गोले में रूप में दिखने लगी।

आग बुझाने के लिए रतलाम के अलावा इप्का फैक्टरी, नामली, धामनोद और सैलाना की करीब 20 दमकलो ने प्रयास किया। इस आग की चपेट में फैक्ट्री के पास बना एक मकान भी आ गया है। समय रहते प्रशासन की टीम ने घर खाली करवा दिया था। आग को बुझाने के लिए जेसीबी से फैक्ट्री की एक साइड की दीवार तोड़ना पड़ी। बताया गया है कि आग शॉर्ट सर्किट होने से लगी है।

रतलाम सिटी तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने बताया कि रतलाम जिले के अलावा अन्य स्थानों से दमकलें बुलाई गई हैं। फैक्ट्री के बाहर एक डीपी है। संभवत: शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। कोई जनहानि नहीं हुई है।

# मंडी का बाबू चढ़ा ईओडब्ल्यू के हत्थे

### सफाई ठेकेदार से 20 हजार रूपए रिश्वत लेते पकड़ा



**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी के एक बाबू को मंदसौर मोह महंगा पड़ गया। लेखापाल हरीश कुमार वशिष्ठ लंबे समय से मंदसौर कृषि उपज मंडी में पदस्थ है। कुछ समय पहले उनका स्थानांतरण इंदौर हो गया था। लेकिन, जैसे-तैसे जुगाड़ जमाकर 6-8 महीने में हरीश कुमार वापिस मंदसौर मंडी पहुंच गए। हालांकि, इसकी कीमत उनको ज्यादा चुकानी पड़ी। उन्हें रिश्वत लेते ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। सफाई ठेकेदार से 78 हजार रुपए उन्होंने मासिक देयक देने के लिए मांगे थे। पहली किश्त के 20 हजार रुपए के साथ टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया।

कृषि उपज मंडी में सब्जी मंडी को साफ सफाई करने का टेंडर निकाला गया था। पारसलाल राठौर प्रॉपारिएटर वाल्मीकि कंस्ट्रक्शन का साफ सफाई का ठेका हुआ। जिसकी स्वीकृति जून 2023 में मिल गई। ठेकेदार द्वारा यहां काम करवाया जा रहा था। इधर इसके बदले उसे मासिक देयक मिलना चाहिए था। जिसका भुगतान लेखापाल हरीश वशिष्ठ ने रोक दिया। काफी चक्कर ठेकेदार को दिए गए। इसके बाद बाबू ने 78 हजार रुपए की मांग की। इसकी शिकायत फर्म के रवि राठौर ने ईओडब्ल्यू एसपी उज्जैन दिलीप सोनी से की। मामले में पूरी जांच पड़ताल की गई। इसके बाद बुधवार को योजनाबद्ध तरीके से ईओडब्ल्यू की टीम ने डीएसपी अजय कैथवास और डीएसपी अमित बट्टी सहित अन्य अधिकारियों के साथ आमद दी। इधर रिश्वत की पहली किश्त 20 हजार रुपए तय हुई थी। टीम ने अपने नोट देकर शिकायतकर्ता रवि राठौर को पहुंचाया। कार्यालय में रिश्वत के रुपए लेते ही टीम ने आमद दी। जांच पड़ताल की गई। नोट वहीं निकले जो टीम ने दिए थे।

### इनका कहना...

वाल्मिकी कंस्ट्रक्शन को मंदसौर कृषि उपज मंडी की सब्जी मंडी की सफाई का ठेका जून 2023 में मंडी से स्वीकृत हुआ था। इनकी 2 लाख रुपए की राशि को रिलीज करने के बदले आरोपी 78 हजार रुपए की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत कॉन्ट्रेक्टर के बेटे रवि ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ उज्जैन से की थी। मामले में बुधवार को ईओडब्ल्यू की टीम में आरोपी को 20 हजार की रिश्वत के साथ गिरफ्तार कर लिया।

**अमित कुमार बट्टी**
**डीएसपी, ईओडब्ल्यू**

लेखापाल हरीश कुमार वशिष्ठ हमारे करीब 2 लाख रुपए की राशि को 6 माह से जारी नहीं कर रहा था। इसके बदले वह रुपयों की मांग कर रहा था। आरोपी की मांग हर महीने की राशि जारी करने के बदले 20 हजार की थी। अब तक की राशि के बदले उसके 78 हजार की रिश्वत बन रही थी। इसीलिए उसने करीब 2 लाख की राशि को रोक रखी थी और रिश्वत के रुपए मिलने के बाद ही जारी करने की बात कही थी। इसकी शिकायत हमने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की उज्जैन शाखा को की थी।

**रवि राठौर, शिकायतकर्ता, मंदसौर**





# शीत लहर ने लगाया कर्फ्यू

## दोपहर में पसरा सन्नाटा, कोहरे का दिनभर रहा असर

### 15 जनवरी तक रहेगा सर्द हवाओं का असर

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीते तीन दिनों से जिले में सूरज की झलक दिखाई नहीं दी। शहर से लेकर समूचा अंचल बादलों और कोहरे के आगोश में है। बीती रात कोहरे के साथ ओंस की बूंदे गिरना गिरना शुरू हुई। सुबह सड़के भीग गई। कोहरे के साथ ओस की फुहार से बारिश जैसी स्थिति नजर आई। कोहरे के चलते दृश्यता 50 से 500 मीटर तक रही। न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों का कहना है कि 29 दिसम्बर से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ था। इसके असर से मौसम में बदलाव आया है। आज गुरुवार 4 जनवरी तक मौसम बदला हुआ रहने की जानकारी दी जा रही है। बुधवार सुबह प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने और बादल छटने के बाद ठंड और बढ़ेगी। मौसम जानकारों के अनुसार 15 जनवरी तक ठंडी हवाएं चलेगी, इससे ठंड का असर ज्यादा रहेगा।

### दो दिन में 8 डिग्री गिरा तापमान...

शहर सहित जिले में बुधवार को भी सुबह घना कोहरा छाया रहा। दोपहर में धूप नहीं निकलने से ठंड ज्यादा रही। दो दिन में अधिकतम तापमान में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। जबकि, रात का तापमान 10.6 डिग्री बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी हवाओं व अरब सागर से आ रही हवाओं के साथ नमी आ रही है। इनका टकराव उत्तरी हवाओं से हो रहा है। जिससे कोहरे का असर बना हुआ है। जिले में तीन दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। 5 व 6 जनवरी को बारिश की संभावना बन रही है। उसके बाद ठंड का असर और तेज हो सकता है।

## मौसमी बीमारियों के मरीजों की अस्पताल में लग रही भीड़




**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मौसम में हुए बदलाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर हो रहा है। सुबह-शाम व दोपहर में भी ठंड का असर, ठंडी हवाएं, बादल छाए रहने के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। बड़े अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम खराब होने के कारण सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। धूप नहीं होने के कारण भी लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है।

पिछले करीब तीन दिन से आकाश में बादल छाए हुए हैं। बुधवार सुबह ओंस के रूप में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम में हुए इस बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी दिखा। बड़े अस्पताल की ओपीडी में सुबह से शाम तक मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। मरीजों की कतार लग रही है। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, खांसी, उल्टी के साथ-साथ पेट दर्द, बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।ओपीडी में एक सप्ताह पहले तक मरीजों की संख्या कम थी। एक जनवरी से मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सबसे ज्यादा मरीज बुखार से पीडित आए है।

चिकित्सकों ने बताया की मौसम में हुए बदलाव के साथ बूंदाबांदी, ठंडी हवाओं के कारण सर्दी-जुकाम, बुखार के मरीज बढ़े हैं। डाक्टरों के अनुसार इस समय मौसम में बदलाव से मरीजों की संख्या बढ़ी है। सबसे ज्यादा मरीज वायरल फीवर के आ रहे हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण बड़े अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही भीड़ लग रही है। इसके साथ ही निजी अस्पतालों में भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे है। सिविल सर्जन डा. डीके शर्मा ने बताया की मौसम में बदलाव के दौरान खानपान व रहन-सहन पर ध्यान दिया जाना अति आवश्यक है। ठंड का असर भी बढ़ रहा है, ठंड से बचाव करें।

## हड़ताल खत्म होने से मिली राहत, गेस टंकी से लेकर पेट्रोल पंपों से गायब हुई भीड़



### परिवहन साधन भी शुरु हुए

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दो दिन से चल रही वाहन चालकों की हड़ताल खत्म होने से लोगो को राहत मिली है। परिवहन बसो सहित अन्य वाहनों का चलना शुरू हो गया है। पेट्रोल पंपो पर भी सामान्य स्थिति हैं। लोग अपने वाहनों में आराम से पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं।

वाहन चालकों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:30 बजे हड़ताल खत्म हुई है। बस ड्रायवर ने सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग की है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात ड्राइवर काम पर लौट आए। पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल और डीजल की सप्लाई सामान्य हो गई है। गेस एजेंसियो पर भी गेस टंकिया उपलब्ध हो गई है। आम दिनों की तरह कामकाज शुरू हो गया है। अन्य जिलों से सब्जियां आना शुरू हो गई हैं। जिसके चलते सब्जियों के दाम भी पहले की तरह सामान्य हो गए।

## दो बाइक चोर से 6 बाइक जप्त



**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 6 बाइक जब्त की है।

शहर कोतवाली थाना प्रभारी उप निरीक्षक रितेश नागर ने बताया कि मुखबीर सूचना पर चंदरपुरा रोड मेला ग्राउंड के सामने पुलिस ने दबिश दी। इसमें दो लोगों को पकड़कर पूछताछ की। जिसमें उन्होंने अपना नाम महेश पिता स्व. किशन खराडी जाति भील उम्र 20 साल निवासी ग्राम अलावदा खेडी हा.मु. बरलई थाना खाचरोद जिला उज्जैन और मुकेश पिता भैरुलाल भील उम्र 21 साल निवासी अलावदा खेडी हाल मुकाम संजीत बताया। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातों को कबूला। पुलिस ने बताया कि इनसे मंदसौर और आसपास के क्षेत्रों से चोरी गई कुल 6 बाइक जब्त की गई है। आरोपियों को एक दिन की रिमाण्ड लेकर पूछताछ की जा रही है।



# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमंत्रण स्वरूप अयोध्या से आए अक्षत कलश

## वाहन रैली व पैदल यात्रा निकली, अक्षत कलश पूजन कार्यक्रम हुआ

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तिथि पौष शुक्ल द्वादशी संवत 2028 22 जनवरी 2023 को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमंत्रण स्वरूप अयोध्या से आए अक्षत कलश पुजन कार्यक्रम को लक्ष्मीबाई बस्ती में भव्य आगमन स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमी सज्ञनों एवं लक्ष्मीबाई बस्ती सदस्यों द्वारा वाहन रैली निकाली गई, जो शितला माता मंदिर संजीत नाका से प्रारंभ होकर रानी लक्ष्मीबाई चौराहा से होते हुए पटेल नगर, शिव मंदिर गली, ऋतुराज कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, अंशुल विहार, प्रभा विहार होते हुए संजय हिल्स पहुंची। जहां से गली नंबर 1, 2, और 3 में पैदल यात्रा के रूप में जुलुस निकालते हुए संकट मोचन बड़े बालाजी मंदिर, संजय हिल्स पर पूर्ण हुई। मंदिर पर अक्षत कलश का पूजन किया गया एवं प्रसादी वितरण किया गया।

राम सभी के हैं और हम सभी में राम बसे हैं... इसी आशा के साथ अयोध्या से आए अक्षत, निमंत्रण के रूप में बस्ती के प्रत्येक परिवार को पहुंचाने एवं प्रात:काल ब्रह्म मुहूर्त में प्रभात फेरी (राम धुन) प्रारंभ करने को लेकर कार्य योजना वरिष्ठों के मार्गदर्शन में बनाई गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंदसौर जिला संघचालक दशरथ सिंह झाला ने बताया कि यह अवसर हमें 500 वर्षों की तपस्या के बाद मिला है। श्रीराम जी वनवास से 14 वर्ष के बाद वापस आए थे किंतु अयोध्या में श्री राम जी का मंदिर 500 वर्ष के बाद बन रहा है अत: प्रत्येक परिवार आने वाली तिथि पोश शुक्ल द्वादशी संवत 2028 अथवा 22 जनवरी को राम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव दीपोत्सव पर्व के रूप में हर्षोल्लास से मनाए, अपने घर दीपक लगाएं, प्रत्येक परिवार अपने घर पर सांय श्रीराम जी की आरती करें, अपने घर पर विद्युत सज्ञा से सजाएं, रंगोली बनाकर सजाएं एवं अपने सभी परिचित व मित्रों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करें। इस कार्यक्रम के अवसर दशरथ सिंह झाला, डा. रविंद्र पांडे, सुरेश कालानी, मनोहर शर्मा, दीपेश तिवारी, राहुल राठौर, रामदास बैरागी, भंवरसिह, हिमांशु शर्मा, अमन पांडे, आयुष माली, रवि कुमावत एवं लक्ष्मीबाई बस्ती के कार्यकर्ता रामभक्त व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आर्ष मुंजी का चयन

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के मेधावी छात्र आर्ष पिता विनय मुंजी का चयन देश की प्रसिद्ध नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के नई दिल्ली लॉ कॉलेज में हुआ है।



जानकारी के मुताबिक आर्ष ने लॉ इंट्रेन्स परीक्षा आल इंडिया लॉ इंट्रेन्स टेस्ट (एआईएलईटी) में 316 वी रेंक हासिल की है। बता दे कि मेधावी आर्ष ने इसी साल क्लेट परीक्षा भी उत्तीर्ण कर एनएलआईयू भोपाल में भी प्रवेश प्राप्त कर लिया था। गौरतलब है कि आर्ष के बडे भाई विवेक मुंजी भी पूर्व से ही देश के प्रसिद्ध टॉप लॉ कॉलेज में ही अध्ययनरत है। आर्ष की इस उपलब्धि पर मंदसौर गुर्जर समाज समेत स्नेहीजनों व मित्रो ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।



# सेना से रिटायर होकर गांव लौटे भारतीय सैनिक का किया स्वागत

**नाहरगढ़, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश की सीमाओं पर अपनी जान हथेली पर रखकर भारतवर्ष तथा भारतियों की रक्षा करने वाले वीर जवान श्री जमनालाल सोनी, पिता स्व: श्री संतोष सोनी निवासी नाहरगढ अपने 19 वर्ष सेना में सेवाकाल को पूरा कर लौटना एक नए जीवन मिलने के बराबर होता है। सेना में सेवा देने वाले के परिवार वालों में हमेशा एक डर रहता है। कि कहीं सीमा पर तैनात हमारा अपना बेटा, पिता, पति किसी दुश्मन की गोली का शिकार ना हो जाए। लेकिन वहीं सैनिक जब अपनी सेवाएं पूरी कर अपने घर और गांव वापस लौटता है तो परिवार, दोस्त, संबंधी, नाते-रिश्तेदारों की खुशियों को ठिकाना ही नहीं रहता है। बुधवार को ऐसा ही दोपहर को नाहरगढ नगर गांव उस वक्त नजर आया जब सेवानिवृत्त हुए सैनिक ने अपने नगर की जमीन पर अपने कदम रखें। उनके कदम रखते ही उनके गांव वालों ने उन्हें उठा लिया और अपने गले से लगा लिया। इसके बाद आतिशबाजी और फुल-मालाओं से उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। वहीं ढोल-नगाड़े के साथ एक भव्य जुलूस निकालकर नगर के प्रमुख रास्ते से होकर सैनिक के निज निवास तक पहुंचाया। जिले सही नाहरगर नगर के अखिल भारतीय सेवानीवर्त तथा छुटिटयों घर आए सेनिको ने नगर के अन्नपूर्णा चोक फूल माला, साल श्री फल ओढ़ाकर पूरे सम्मान साथ स्वागत किया..रिटायर सैनिक ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए अपने सेना के अनुभवों को सबके साथ साझा किया तथा गांव के नौजवानों से भारतीय सेना में जाकर भारत माता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा-परिहार

## कराड़िया महाराज एवं हरनावदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पन्न

**नीमच, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विकसित भारत संकल्पे यात्रा आयोजित की जा रही है। यह बात विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने बुधवार को नीमच विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरनावदा एवं कराड़िया महाराज में आयोजित विकसित



भारत संकल्प यात्रा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्ञनसिह चौहान, कलेक्टर श्री दिनेश जैन, श्री मेहरसिह जाट, मंदसौर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिह राणावत, श्री मोहनसिंह राणावत तथा अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्ञनसिह चौहान ने संवाद करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रहे, हितग्राहियों को यात्रा के दौरान लाभांवित किया जा रहा है। विधायक श्री परिहार ने क्वीज प्रतियोगिता में उपस्थितजनों से प्रश्न भी पूंछे और उनका सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम को कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने संबोधित किया। प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुंत किए। विधायक श्री परिहार ने उपस्थितजनों को विकसित भारत के लिए कार्य करने की शपथ भी दिलाई तथा ग्राम पंचायत को हर घर नल से जल आपूर्ति करने पर प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया। इस मौके विधायक श्री दिलीप सिहपरिहार, श्री सज्ञन सिह चौहान एवं कलेक्टर श्री जैन ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभपत्र वितरित किए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, गणमान्यं नागरिक, पत्रकारगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बडी संख्या में विभिन्न वार्डवासी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सिसोदिया के प्रयास...

# थानों से कम होगी गांवों की दूरी

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया के प्रयासों से अपनी शिकायत और समस्याओं के लिए नागरिको को थाने तक पहुँचने के लिए लंबी दूरी तय नही करना पड़ेगी बल्कि गाँव के नजदीक के थाने से ही गाँव जुड़ेंगे। नागरिको की सुविधा को लेकर श्री सिसोदिया ने पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया कों पत्र लिखा और कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश एवं आदेश जारी किये है कि प्रदेशभर के थानो और चौकियों की सीमाओं का पुन: निर्धारण नये सिरे से होगा, दिनांक 31 जनवरी 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेतखेडी एवं पंचायत के 2 गांव धाकडखेडी और रसुलपूर को दलौदा और अफजलपुर जिनकी दूरी 25 से 35 कि.मी. होती है का युक्तियुक्तकरण कर 5 कि.मी. समीप ही नई आबादी थाने पर परिवर्तित किया जाये क्योंकि फरियादियों को दलौदा एवं अफजलपुर थाने तक की दूरी तय करना पडती है।



# सेमलिया काजी में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

## केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी, आमजन से लाभ लेने की अपील



**सेमलियाकाजी, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम सेमलिया काजी में भाजपा की केंद्र व राज्य की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व लाभार्थियों के विभिन्न योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों कों लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ, विकसित भारत संकल्प यात्रा का ध्येय हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का है, जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रहा है, आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। हमारे प्रमुख स्तंभ 'युवा, महिला, किसान और गरीब' को सशक्तिकरण और स्वावलंबन प्रदान करने को समर्पित यह संकल्प यात्रा जन-जन के नवजागरण का संदेश बनी है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा धुंधड़का मंडल अध्यक्ष जीवन शर्मा ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की व लाभार्थियों को अनेक योजनाओं के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए, इस दौरान भाजपा धुंधड़का मंडल महामंत्री व यात्रा प्रभारी देवीलाल सिसोदिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व यात्रा प्रभारी दशरथ जाट, मंडल उपाध्यक्ष रुघनाथ सिंह चंद्रावत, पुष्कर बैरागी, भेरूलाल सेन, राजेश धाकड़, जिला आईटी विभाग प्रभारी जितेंद्र शर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री गोपाल गुजरिया, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर परमार, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रेमसिंह पवार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह, अंत्योदय प्रकोष्ठमंडल संयोजक कैलाश मालवीय, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र परिहार, सेमलिया काजी सरपंच पेमाबाई भारत दास बैरागी, कुंचडोद सरपंच कारूलाल भील, उपसरपंच बिहारी गोयल एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता ग्राम पंचायत सचिव प्रहलाद वर्मा, रोजगार सहायक रामनिवास परिहार, पुलिस व प्रशासन से समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।



# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है-कियावत

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जागृति हायर सेकेन्डरी स्कूल ग्राम साबाखेडा के 26वें वार्षिकोत्सव में कल बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। विद्यालय परिवार के आमंत्रण पर पहुंचे श्री कियावत ने मॉ सरस्वती के चित्र का पूजन एवं माल्यार्पण कर रंगमंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में एचडीएफसी बैंक के कलस्टर मैनेजर श्री ललित शर्मा, मंदसौर जनपद पंचायत सदस्य श्री बंशीलाल धनगर, ग्राम पंचायत सरपंच परमानंद धनगर, गांव के वरिष्ठजन हेमराज पाटीदार, गोपाल धनगर, विद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश जोशी भी मंचासीन थे। इन सभी अतिथियों का स्वागत जागृति हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य योगेश जोशी व विद्यालय स्टाफ के द्वारा पुष्पहार पहनाकर किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में विद्यार्थीगण भी उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव विद्यालय की एक ऐसी गतिविधि है जिसका विद्यार्थीगण सालभर इंतजार करते है। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को अपनी खेलकूद, सांस्कृतिक, रंगमंचीय गतिविधि में शामिल होने का अवसर भी मिलता है। विद्यार्थिगण वार्षिकोत्सव के उपरांत अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी में लग जाए ताकि अधिक से अधिक अंक लाकर अपने परिवार का नाम रोशन कर सके। जागृति हायर सेकेण्डरी स्कूल के संचालक श्री योगेश जोशी हमारे पुराने मित्र है आज उन्होंने हमें आमंत्रित किया इसके लिये मैं विद्यालय परिवार का आभारी हॅू। संचालन पीयूष जोशी ने किया तथा आभार प्राचार्य योगेश जोशी ने माना।

# नौ एनसीसी छात्र सैनिकों का चयन राष्ट्रीय स्तरीय बेसिक स्नो स्कीइंग कोर्स के लिए हुआ

मन्दसौर। भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग एंड एलईडी स्पोटर्स श्रीनगर जम्मू कश्मीर के डायरेक्टर कर्नल हेमचंद्र सिंह (भारतीय सेना) के नेतृत्व में यह कोर्स आयोजित किया जाएगा जिसमें पूरे भारतवर्ष से 60 प्रतिभागी भाग लेंगे जिसमें सभी विभागों के चयनित प्रतिभागी शिरकत करेंगे जिसमें मंदसौर सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदसौर ट्रूप नंबर 157 के 8 छात्र सैनिक का चयन इस कोर्स के लिए हुआ। यह सभी छात्र जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के सहसचिव एवं माउंटेनियर जेनिश बरडिया के नेतृत्व में आज सुबह 8:00 बजे मंदसौर से रवाना हुए, माउंटेनियर एवं ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया ने बताया कि यह सभी छात्र कल सुबह जम्मू पहुंचेंगे वहां से बाय टैक्सी सोनमार्ग श्रीनगर पहुंचेंगे जहां पर 14 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ होगा यह प्रशिक्षण भारतीय सेना के सूबेदार शौकत अहमद मीर, सूबेदार सोबित गुरुंग, नायब सूबेदार भारत सिंह रावत, हवलदार इकबाल खान, हवलदार निर्मल सिंह, हवलदार थमन बहादुर थापा, हवलदार कमल पुरजा पुन (एसएम), के नेतृत्व में माइनस 3 डिग्री से माइनस 8 डिग्री तापमान में छात्र सैनिकों को 4 घंटे सुबह और 3 घंटे शाम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्र सैनिकों के इस उपलब्धि पर 5 मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रिजवान खान, सूबेदार जयप्रकाश सिंह, विद्यालय मैनेजर फादर



लॉरेंस, प्राचार्य सिस्टर ज्योतिस, जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के संरक्षक डॉ. क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, संगठन के पदेन अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव (आईएएस), पदेन उपाध्यक्ष जिला अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विजय सिंह पुरावत, कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन जैन, विश्व मोहन अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, जिला सचिव एवं ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया, कोषाध्यक्ष धीरज शुक्ला, सदस्य ललित कुमार परमार, एवं सीनियर पर्वतारोही कृष्णा कनौजिया, सुश्री नेहा शर्मा, सुश्री खुशी सिसोदिया, आदि ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर ने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपा मंदसौर अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर नपा मंदसौर द्वारा डे -एन यू एल एम योजना अतंर्गत संचालित आश्रय स्थलों पर बेघर नगरीको के सर्द मौसम मे ठहरने हेतु विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। नगर पालिका परिषद मंदसौर नगर में 2 स्थानो पर आश्रय स्थल का संचालन कररही है महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड, बालागंज पायगा पानी की टंकी के समीप नपा के द्वारा आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है ! इन दोनो स्थानो पर रात्रि में रूकने के लिये स्थान उपलब्ध है ! जिला कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने दोनो आश्रय स्थल का औचक निरिक्षण किया निरीक्षण के अवसर पर नपा सी एम ओ श्री सुधीर कुमार सिंह एवं सिटी मिशन मैनेजर अजय शर्मा सहित नपा के कर्मचारीगण उपस्थित थे ! कलेक्टर श्री यादव ने आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया और आश्रय स्थल पर ठहरने वाले नागरिकों से चर्चा की और नपा सी एम ओ श्री सुधीर कुमार सिंह को मोके पर ही आश्रय स्थल के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश भी दियें।



# वात्सल्य धाम के वृद्ध का बंसल ने परिजनों के साथ मिलकर किया अंतिम संस्कार



**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** रेडक्रॉस द्वारा संचालित वात्सल्यधाम ने निवासरत एक वृद्ध का मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार विधि विधान से सुनील बंसल और बाहर से आए वृद्ध के परिजनों और वात्सल्य धाम की प्रभारी और बुजुर्गों द्वारा किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार वात्सल्य धाम में रात्रि में एक 70 वर्षीय वृद्ध कैलाश पिता रामलाल परिहार जो पिछले 6 माह से वात्सल्य धाम में निवासरत थे और स्वस्थ थे लेकिन जब सुबह शौच करने गए तो वापस नहीं आए जिसकी सूचना दूसरे वृद्धजन ने मौजूद चौकीदार को दी जिसने जाकर देखा तो कैलाश जी वही गिर गए थे जिसके बाद चौकीदार ने वहां मौजूद प्रभारी प्रियंका राजोरा को जानकारी दी जिसके बाद डॉक्टर को बुलाया गया, डॉक्टर ने कैलाश जी को मृत घोषित किया। जिसके बाद वात्सलयधाम प्रभारी प्रियंका राजोरा ने समाजसेवी, पार्षद सुनील बंसल को इसकी सूचना दी और वृद्ध का अंतिम संस्कार करने की बात कही, जिसके बाद सुनील बंसल ने नगरपालिका के जाकिर भाई को वात्सल्य धाम में शव वाहन भेजने के लिए कहा और अंतिम संस्कार का सभी सामान लेकर वात्सल्य धाम पहुंचे, जहां एक दो दूर के रिश्तेदार भी मौजूद थे जिसके बाद सुनील बंसल और वात्सल्य धाम प्रभारी और वृद्धजन शव वाहन के द्वारा वृद्ध कैलाश जी के शव को मुक्तिधाम लेकर पहुंचे जहां परिजन सहित सुनील बंसल के द्वारा विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया और मुखाग्नि दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान प्रभारी प्रियंका राजोरा, सहायक प्रभारी कृष्णा बैरागी, वात्सल्य धाम में वृद्धजन, पत्रकार आशीष चावड़ा और मृतक वृद्ध के दूर के परिजन जिसमे जगदीश परिहार, मुकेश परिहार, राजेंद्र परिहार, दीपक परिहार (इंदौर), ललित सोलंकी, भूपेश सोलंकी(इंदौर), हर्षित परिहार, नरेंद्र गहलोत, राहुल सोनी मौजूद थे।

# प्रेम मानने का सौदा है न की मनवाने का-सुदीक्षाजी

## नव वर्ष पर सतगुरु के आशीष प्राप्त करने उमड़े श्रद्धालु भक्त

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रेम मानने का विषय है मनवाने का नहीं, जब हमें यह अहसास हो जाता है तो हम हर प्रकार के बंधनों से मुक्त होकर भक्ति मार्ग पर अग्रसर हो पाते हैं यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के पावन अवसर पर बुराड़ी के ग्राउंड नम्बर 8 में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। वर्ष 2024 के शुभारम्भ पर आयोजित इस सत्संग का लाभ प्राप्त करने हेतु दिल्ली एवं एन. सी. आर. सहित अन्य स्थानों से भी हजारों की संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए और सतगुरु के दिव्य दर्शन एवं पावन प्रवचनों से स्वयं को



अभिभूत किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने साध संगत को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि निरंकार पर हमारी आस्था और श्रद्धा हमारे निजी आध्यात्मिक अनुभव पर आधारित होनी चाहिए, न कि मात्र किसी अन्य के कहने से प्रेरित होकर। सतगुरु द्वारा प्राप्त ब्रह्मज्ञान की दृष्टि से परमात्मा का अंग संग दर्शन करते हुए भक्ति करना ही उत्तम है। सतगुरु सभी को समान रूप से ब्रह्मज्ञान प्रदान कर जीवन मुक्त होने का मार्ग सुलभ करवा रहे हैं और हमें अपने अनुभव, अपनी सच्ची लग्न से ही इसकी प्राप्ति हो सकती है। सतगुरु माता जी ने नव वर्ष के अवसर पर अपना पावन आशीर्वाद देते हुए समझाया कि अक्सर हम अपने व्यवहारिक जीवन के सीमित दायरे में संकीर्ण और भेदभाव पूर्ण व्यवहार को अपनाते है। इस प्रभाव से ऊपर उठकर तभी जीवन जीया जा सकता है जब हम ब्रह्मज्ञान को आधार बनाकर सब में एक परमात्मा का रूप देखें। हमें अपनी सोच को विशाल करते हुए केवल प्रेम के भाव से ही जीवन को जीना है; तब ही तंगदिली का भाव मन से समाप्त हो पायेगा। प्रेम के भाव का ज़िक्र करते हुए अपने प्रवचनो में सतगुरु माता जी ने कहा कि जब हम इस विशाल परमात्मा से जुड़ जाते है तो फिर कोई बंधन शेष नहीं रहता। इस बेरंगे के रंग से जुड़ने पर भक्ति का ऐसा पक्का रंग हम पर चढ़ जाता है कि हमारी भक्ति ओर सुदृढ़ होती चली जाती है, किन्तु भ्रांति वश हम इस सत्य को भूलकर केवल अपनी ही विचारधारा से दूसरों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। वास्तविकता तो यही है कि प्रेम मानने का विषय है, मनवाने का नहीं। हमें ब्रह्मज्ञान रूपी चेतनता से ही हर कार्य करना है। सबके लिए मन में प्रेम के भाव को लेते हुए भक्ति भरा जीवन जीना है। अंत में सतगुरु माता जी ने नव वर्ष के अवसर पर सभी के लिए मंगल कामना करते हुए यही आशीर्वाद दिया कि इस नये वर्ष में भी हम सभी का जीवन सेवा, सुमिरण और सत्संग से सजा रहे। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर सतगुरु के यह अनमोल वचन वास्तविकता में समस्त मानवता के लिए निसंदेह एक वरदान है। यह जानकारी मंदसौर मिडिया सहायक शीतलदास कोतक ने दी।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 7 | 2121 | 2160 |
| उड़द | 14 | 5281 | 5800 |
| सोयाबीन | 1160 | 4000 | 4801 |
| गैहु | 255 | 2450 | 3141 |
| चना | 11 | 4902 | 5016 |
| मसुर | 6 | 5100 | 5200 |
| धनिया | 7 | 6000 | 6550 |
| लहसुन | 7200 | 12500 | 24800 |
| मैथी | 24 | 5011 | 5900 |
| अलसी | 167 | 4821 | 5171 |
| सरसो | 60 | 4906 | 4958 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 000 | 0000 | 0000 |
| प्याज | 729 | 390 | 1950 |
| कलोंजी | 000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 3 | 4790 | 12200 |
| तिल्ली | 000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 000 | 0000 | 0000 |

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी का गठन

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन ने विशेष पिछडी जनजाति समुदायों के लिए लागू की गई प्रधानमंत्री जन-मन योजना/मिशन के अन्तर्गत संबंधित विकास विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार करने, योजना का सुचारू क्रियान्वयन, समन्वय, अभिसरण एवं अनुश्रवण करने के लिये राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास ,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वन, एवं प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा, उर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव, जनजातीय कार्य, सदस्य सचिव होंगे।

### बाइक को साइड में खड़ा करने की कहा तो पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक को साइड में खडा करने की कहा तो पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नापाखेडा निवासी कन्हैयालाल बागरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पडोसी बापू पिता लक्ष्मण के भानेज दौरवाडा निवासी रमेश पिता वरदीचन्द ने मेरे घर के सामने बाइक खडी कर दी, मैंने साइड में खडा करने की कहा तो रमेश ने गाली-गलोज की व लात-घुसों व पत्थर से मारा, जिससे मुझे चोंट आई। पुलिस ने रमेश के खिलाफ केस दर्ज किया।

### इंस्टाग्राम पर अपलोड की नाबालिग की अश्लील फोटो, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोशल साइड इंस्टाग्राम पर एडिट कर अश्लील फोटो अपलोड करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। 10 में अध्ययनरत फाटक मोहल्ला निवासी एक नाबालिग ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी इंस्टाग्राम आईडी के नाम से एक और मेरी हमनाम आईडी बनाकर मेरा एडिट किया अश्लील फोटो अपलोड कर दिया। मेरे दोस्त ने मुझे बताया कि अमित बारेट व हर्षदीप ने मेरी अश्लील फोटो अपलोड की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### टक्कर मारकर किया घायल, बाइक चालक पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बाइक (एमपी 14 जेडसी 9447) के चालक ने गांव के मोड पर तेज व लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर काचरिया चन्द्रावत निवासी विक्रम को टक्कर मार दी, जिससे विक्रम को सिर में चोंट आई। इलाज के बाद विक्रम के भाई कमल की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।



# मोदी की गारंटी यानी विकास की गारंटी-गुप्ता

## सांसद गुप्ता ने खजुरीगौड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता की

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अंतर्गत सांसद सुधीर गुप्ता ने सुवासरा विधानसभा के ग्राम खजुरी गौड़ में पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के समीक्षा की और पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का श्रवण किया तदोपरांत ग्रामावासियो को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी दी। सांसद गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। इसके साथ ही सांसद सुधीर गुप्ता ने सभी विभागीय अधिकारियों को केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक कर उन्हें लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है कि उन्होंने जो गारंटिया दी हैं। वह पूरी करना और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने आमजन से योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील भी की। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं के पत्र भी सौंपे। कृषि विभाग द्वारा कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी। इसके साथ जिला सहकारी बैंक, महिला बाल विकास, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, सहित अन्य विभाग द्वारा सभी योजनाओं की पूर्ण जानकारी ग्रामवासियों को बताई गई और जो पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित रह गए है उन्हे भी कैंप के माध्यम से योजनाओं में जोड़ा गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओपी परमार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रोडमल वर्मा, भाजपा नेता भगवतीलाल सुरावत, मंडल उपाध्यक्ष नटवर सिंह, बृजराज सिंह, रामानुज जी, बुथ अध्यक्ष श्याम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कोटडामाता सहित पार्टी पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्कॉलरशीप रजिस्ट्रेशन पोर्टल नहीं खुलने से हजारों छात्र प्रभावित, पांच जनवरी तक जमा होना है फीस

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के लिए स्कॉलरशिप से जुड़े पोर्टल का तकनीकी काम चलने से छात्र रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पा रहे हैं। इधर, परीक्षा फार्म भरने की तारीख भी नजदीक आ रही है। इस वजह से छात्रों को पहले स्वयं फीस चुकाना पड़ सकती है। हालांकि बाद में राशि उनके खाते में जमा कर दी जाएगी। इधर, आर्थिक रूप से कमजोर छात्र परेशान हो रहे हैं। अब तक इसके लिए पोर्टल ही नहीं खुला है। इससे मंदसौर सहित प्रदेश के सैकड़ों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। पीजी फर्स्ट ईयर में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को जनकल्याण योजना (संबल) का लाभ मिलता है। वहीं पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा की फीस जमा करने की अंतिम तारीख 5 जनवरी है। ऐसे में छात्रों को पहले फीस जमा करनी होगी और उसके बाद यह उनके खाते में आएगी। इसमें परीक्षा फीस करीब 1400 रुपए लगेगी जबकि प्रवेश फीस ढाई हजार रुपए है।

इसी तरह मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के दायरे में आने वाले छात्र-छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन इसके लिए नहीं करवा पा रहे हैं। इस योजना के पात्र विद्यार्थी अब परेशान हो रहे हैं। क्योंकि, इनकी फीस भी कॉलेजों को नहीं मिली है। ऐसे विद्यार्थी जो मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध स्कूलों के छात्र रहे हैं और जिनके 12वीं में 70 प्रतिशत अंक हों उन्हें इस योजना का लाभ मिलता है। सीबीएसई और आईसीएसई में उनके 85 प्रतिशत अंक होना चाहिए। उनके परिवार की आय भी आठ लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस तरह से इस दायरे में आने वाले विद्यार्थियों को एडमिशन और परीक्षा फीस नहीं देना होती है। इसका भुगतान सरकार करती है। यह राशि सीधे कॉलेज के खाते में जाती है।

**इनका कहना...**

योजना का नोडल तकनीकी शिक्षा विभाग है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सिक्योरिटी ऑडिट चल रहा है। इस वजह से पोर्टल बंद है। इसे बंद हुए 15 दिन का समय बीत चुका है। अब इसके 15 जनवरी के आसपास खुलने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि पहले छात्रों को फीस जमा करना होती है। उसके बाद यह राशि उनके खाते में जमा कर दी जाती है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**पिपलियामंडी, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** करंट लगने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नारायणगढ थानान्तर्गत गांव कामलिया में 45 वर्षीय गुड्डीबाई पति उमरावसिंह सौंधिया को घर पर करंट लग गया, परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# जिला प्रेस क्लब के चुनाव 14 को, सदस्यों की सूची जारी

**नीमच, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिला प्रेस क्लब (रजि) की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य की उपस्थिति में 2024 के चुनाव को लेकर सदस्यों की अंतिम सूची पर मुहर लगी। और साथ ही 7 जनवरी को होने वाले चुनाव को 14 जनवरी तक आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया। कोर कमेटी के सदस्य दीपेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राहुल जैन का कार्यकाल 31 दिसंबर को खत्म हो चुका है। 2024 चुनाव के लिए कार्यकारणी का गठन किया जाना है। जिसको लेकर जिला प्रेस क्लब की फाइनल सूची तैयार कर जारी कर दी गई है। जिसमें 30 दिसम्बर तक आनलाइन फार्म भरे गए सदस्यों में पत्रकारिता करने वाले शहरी व ग्रामीण पत्रकार को शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी के निर्वाचन केलिए नामांकन 7 जनवरी से 12 जनवरी तक शाम 5 बजे तक ही भरे जायेंगे। 13 जनवरी शाम 5 बजे तक नाम वापसी होगी। सूची जारी होने के बाद से ही जिला प्रेस क्लब (रजि) चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू की गई है। आचार संहिता का पालन को लेकर कोर कमेटी निगरानी रखेगी। वहीं अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। 14 जनवरी रविवार को जिला प्रेस क्लब (रजि) के चुनाव होंगे। जिसमें लोकतंत्र प्रणाली के तहत प्रेस क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। कोर कमेटी की बैठक में पहलाद भट्ट, चिंटू शर्मा, कृष्ण शर्मा, सुरेश सन्नाटा, संजय यादव, मनीष बागड़ी, महेश जैन, दीपेश जोशी सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 4 जनवरी 2024 को प्रात: 9.30 बजे जिला पंचायत सभागृह मंदसौर में सांसद श्री सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

### गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में बैठक 8 को

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया कि गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक 8 जनवरी 2024 को टीएल मीटिंग के पश्चात आयोजित की गई।

# शासन की योजनाओं का सभी लाभ लेवे-कलेक्टर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम दलौदा रेल में कलेक्टर हुए शामिल

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ग्राम दलोदा रेल में शामिल हुए। यात्रा के माध्यम से सभी जनपद पंचायत के ग्रामों में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। यात्रा में पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, श्री नानालाल अटोलिया स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण जन एवं पत्रकार उपस्थित थे।



इस अवसर पर कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सभी शासन की योजनाओं का लाभ लेवे। सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। अगर किसी को कोई समस्या है तो यहां आवेदन दे उन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। सभी अपने आयुष्मान कार्ड जरूर बनवा लें। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम सेमलियाकाजी, कुचडोद, दलोदा रेल एवं दलोदा चौपाटी, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा लसुडिया राठौर एवं बरूजना, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा बापच्या एवं असावती, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा सातलखेड़ी एवं परोनिया जनपद पंचायत सीतामऊमें अरन्यागौड, खजरूगौड, जमुनिया एवं गुराडियाप्रताप में भ्रमण किया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 जनवरी को इन गांवों में भ्रमण करेंगी–** विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 जनवरी 2024 को यात्रा जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम लाउखेड़ी, सिहोर, एलची एवं बानीखेड़ी, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा रिछा एवं लिम्बावास, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा बनी एवं कुरावन, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा दुधाखेड़ी एवं टुंगनी, जनपद पंचायत सीतामऊ में बारेखेड़ीजागीर, खेताखेड़ा, किशोरपुरा एवं ढाबलाभगवान में भ्रमण करेंगी।



### नपा ने की अलाव व्यवस्थाए

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान समय में मंदसौर अंचल में शीतलहर जारी है। शीतलहर के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। ऐसे में नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिये नपा परिषद के द्वारा मंदसौर नगर के मुख्य मार्गों व चौराहों पर जहां अलाव की आवश्यता है वहां अलाव की व्यवस्था हो इसके लिये नगर के 70 स्थानों पर अलाव जलाने हेतु लकडी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीरकुमार सिंह के निर्देश पर मंदसौर नगरपालिका परिषद के द्वारा शीतलहर को ध्यान में रखते हुए आमजन-जीवन को सुचारू बनाये रखने व लोगों को शीतलहर से बचाने हेतु अलाव की व्यवस्था हो इसके लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे है। नगर के गणमान्य नागरिकों की मांग पर जहां अलाव लगाने की व्यवस्था पूर्व से है वहां लकडी की व्यवस्था नपा के द्वारा की जा रही है।

### ज्योत स्वयंसेवी संस्था टीम मनासा के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किए

**मनासा, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए जीवन ज्योत स्वयंसेवी संस्था के द्वारा दिनांक 3 जनवरी को ग्राम पंचायत परदा के अंतर्गत आने वाले छोटे से गांव गंगाबावड़ी में जरूरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किए गए। जीवन ज्योत संस्था लगातार निरंतर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक जहां-जहां इनकी शाखा उपलब्ध है जरूरतमंद परिवारों को लगातार बढ़ते हुए कड़ाके की ठंड को देखते हुए मदद पहुंचाने का कार्य कर रहा है जीवन ज्योत संस्थान के संस्थापक दुर्गेश सिंह जी व शाखा नीमच टीम के संचालक विशाल तोसावत, सह संचालक समीर मंसूरी के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ विशाल तोसावत ने बताया कि सभी युवा साथियों के सहयोग से यह कार्य प्रारंभ है और आगे भी यह कार्य जीवन ज्योत के द्वारा जारी रहेगा आज के कार्यक्रम में उपस्थित युवा साथी रामचरण प्रजापत, सोहेल हुसैन, ललिता बाई बारेट आदि युवा साथी उपस्थित थे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा कुचड़ोद पहुंची

## जल जीवन मिशन में अधूरा कार्य एवं पंजाब नेशनल बैंक खोलने का मुद्दा उठा

**कुचड़ोद, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव में पेयजल के लिए जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कार्य धीमी गति से चलने, जगह-जगह गड्डे सही करने, 24 घंटे लाइट के लिए डीपी लगाने के लिए 8 दिन में निराकरण के लिए निर्देशित किया। दोपहर 2:00 विकसित भारत संकल्प यात्रा शासकीय स्कूल पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के माल्यार्पण, कन्या पूजन के साथ हुई। स्कूली बालिकाओं द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी कार्ड, हेल्थ रिकॉर्ड, टीवी मुक्त कार्यक्रम, कृषि विभाग की बलराम तालाब योजना,



स्प्रिंकलर ड्रोन खरीदी पर 50% अनुदान। राजस्व विभाग की पीएम सम्मान निधि, सिएम सम्मान निधि, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, नामांतरण, बटवारा, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एवं साइबर तहसील मैं रजिस्ट्री के साथ नामांतरण, उद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्म योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन मैं स्व सहायता समूह, रोजगार मेला, महिला बाल विकास की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शिक्षा विभाग सहित योजनाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों ने विस्तार से बताया। इस दौरान जल जीवन मिशन में योजना के बारे में अधिकारी ने जानकारी देना चाहि तो ग्रामीणों ने दो साल से धीमी गति से कार्य किया जा रहा। जिसका मुद्दा एवं जगह-जगह सड़क खोद दी गई और सही नहीं किया गया। नलों में टोटिया नहीं लगाई गई, एवं 24 घंटे लाइट के लिए मंजूर हुआ ट्रांसफार्मर नहीं लगाया शिकायत की। शिकायत को मंडल अध्यक्ष ने 8 दिन में सभी समस्या का निराकरण करने के लिए कहा। वही पंजाब नेशनल बैंक शाखा खोलने का मुद्दा प्रमुखता से उठा। ग्रामीणों ने कहा कि सन 2004 से पहले गांव में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा थी। पर इसके बाद बंद कर दी गई। दलोदा बैंक मैनेजर गांव की शाखा को मंदसौर में मर्ज होने की कहा, तो मंडल अध्यक्ष ने तुरंत गांव में बैंक शाखा खोलने या बंद करने के लिए कहा। ताकी दूसरी राष्ट्रीयकृत बैंक गांव में खुल सके। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बालिकाओं ने, मैं मुख्यमंत्री होती तो क्या करती। एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा गीत प्रस्तुत किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### तेरह गांवो में आज राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन

**नीमच, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज 4 जनवरी 2024 गुरुवार को प्रात:11 से सायं 4: बजे तक जिले की समस्त तहसीलों के ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा कैम्प लगाया जाएगा। नीमच नगर तहसील के डूंगलावदा, जयसिंगुपरा, नीमच ग्रामीण तहसील के बामनबर्डी, झालरी, नीमच तहसील के बमोरी, जावद तहसील के सरोदा, निलिया, मनासा तहसील के पिपलोन, उचेड, फूलपुरा, सिंगोली तहसील के धारडी, रतनगढ, रामपुरा तहसील के अमपुरा ब्लॉक में राजस्व सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है।

# पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव 7 से

## तैयारियों को लेकर स्वामी श्री रामनिवास महाराज की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**मंदसौर, 3 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 7 से 11 जनवरी तक मंदसौर के धर्मधाम गीता भवन परिसर में 51 वें गीता जयंती महोत्सव एवं 48 वे नेत्र शिविर तथा एक दिवसीय निशुल्क सर्व रोग निदान शिविर की तैयारी को लेकर आज बुधवार को गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवास महाराज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रधान पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामदयाल जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। बैठक में संत श्री रामनारायण जी महाराज देवास, ज्योतिषाचार्य भानेज बहिन लाडकुंवर सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्यजन, समाज सेवी और मातृशक्ति उपस्थित थे।



बैठक में अचानक अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रधान पीठाधीश्वर श्री रामदयाल जी महाराज का आगमन हो गया महाराज श्री के अचानक आगमन से उपस्थित सभी गणमान्यजन प्रफुल्लित हो उठे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 जनवरी को प्रात 11 बजे मंदसौर शहर में आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज की अगवानी भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर से भव्य वाहन रैली के साथ होगी जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई धर्म धाम गीता भवन परिसर में पहुंचेगी जहां पर आचार्य श्री के श्री मुख से पांच दिवसीय गीता जयंती समारोह की प्रवचन माला प्रतिदिन दोपहर 1 से संध्या 4:00 बजे तक तक चलेगी। महाराज श्री की अगवानी में मंदसौर शहर के प्रमुख मार्गो को आकर्षक केसरिया झंडे एवं ध्वज , पताकाओ से सजाया जाएगा जगह-जगह मार्ग पर सामाजिक संस्थाओं एवं नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। वाहन रैली में 511 दुपहिया वाहन सम्मलित होंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर का शुभारंभ होगा उसकी तैयारी 7 जनवरी से ही नगर में दिखलाई पड़ेगी इसलिए मंदसौर शहर को अभी से सजाया जाएगा। इस अवसर पर शाहपुरा पीठाधीश्वर आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज ने कहा कि मंदसौर शहर का प्रेम, स्नेह, आत्मीयता से ओत प्रोत है। जिस बैठक की जानकारी भी हमे नही थी, प्रवास के दौरान ही अचानक मेरा बुधवार को आगमन हो गया और मुझे मालूम हुआ कि 7 से 11 जनवरी तक आयोजित पांच दिवसीय 51 वें गीता जयंती महोत्सव एव मेरे आगमन की तैयारियो को लेकर यहां बैठक चल रही है। वास्तव में मंदसौर की धरा धन्य धन्य है। यह वर्ष भगवान राम के पुन: प्रकटोत्सव का वर्ष है। 22 जनवरी को भारत के राष्ट्र मंदिर अयोध्या धाम में भगवान राम बाल स्वरूप में विराजेंगे। बहुत ही ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है जो युगों युगों तक याद रखा जाएगा। आयोजन समिति के मार्गदर्शक वरिष्ठपत्रकार बृजेश जोशी ने कहा कि 51 वा गीता जयंती महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा, बैठक में गीता भवन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी , बंसीलाल टॉक, शेषनारायण माली , पंडित दिलीप शर्मा, सूरजमल गर्ग चाचा जी , भगवान दास विजयवर्गीय, रामहित प्रजापति, राकेश दुग्गड, राजाराम तंवर , नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ,सुभाष अग्रवाल , पुरुषोत्तम गुप्ता ,इंजीनियर रामगोपाल गुप्ता, दिलीप कुमार सोमानी ,रमेश काबरा, जगदीश काला, दिलीप सेठिया, लोकेश पालीवाल ,प्रकाश सिसोदिया, संजय वर्मा ,संदीप जैन ,राजेश रत्नावत, नवनीत पारख, ओम सेठिया, सुनील पंचारिया, जगदीश काबरा, ओम चौधरी , प्रेम रतनावत, शुभम बैरागी, श्रीमती रेखा पोरवाल , वर्षा वेशपायन, गंगा अग्रवाल ,प्रीति शर्मा, कांता सोनगरा, सुधा फरक्या, लक्ष्मी देवड़ा, रानी अग्रवाल, उषा कुमावत, अंजू तिवारी, अनुपमां बैरागी ,नैना कुंबरसिंह चारण, मंजू राठौर ,विद्या उपाध्याय , पूजा बैरागी, मिथिलेश कुंवर अखावत, अनु पाटीदार मंजू सेन अयोध्या बैरागी सहित बडी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।


## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील मंदसौर (ग्रामीण) (म.प्र.)

प्रकरण कमांक-..../अ-20( )/2023-24 ई.नं. 456

मंदसौर, दिनांक 22/12/2023

आयुक्त लोक शिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर... आवेदक

विरूद्ध

मध्यप्रदेश शासन.....अनावेदक

### **** सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति ****

सर्व साधारण एवं जनता मंदसौर तहसील मंदसौर को यह सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त लोक शिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर द्वारा स्कुल बिल्डिंग निर्माण हेतु ग्राम सूरी स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 28/6/1 रकबा 5.320 है. भूमि आवंटन की मांग की गई है।

आवेदक के अतिरिक्त अन्य कोई प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन समान प्रयोजन के लिए अथवा प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन चाहता है तो वह भी अपना दावा अपनी अर्हताओं के विवरण के साथ कडिका 09 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए कलेक्टर जिला मंदसौर को सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित नियत अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकेगा।

अत: आवेदनकर्ता को स्कुल बिल्डिग निर्माण हेतु उक्त भूमि आवंटन के विषय में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 09/01/2024 तक स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरांत प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। सर्व संबंधित सूचित हो।

आज दिनांक 22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुदा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

नायब तहसीलदार
तहसील मंदसौर (ग्रामीण)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

(प्रदेश का सबसे बड़ा व्यावसायिक आयोजन)

# ग्वालियर व्यापार मेला

एवं

(गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए)

# गौशाला, लाल टिपारा

## का उद्घाटन

# डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा

तथा

# ग्वालियर संभागीय समीक्षा बैठक

**4 जनवरी, 2024**
**अपराह्न 3:00 बजे**

ग्वालियर मेला केवल मेला नहीं बल्कि हमारे प्रदेश की संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह मेला प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार देने के साथ प्रदेश में व्यावसायिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अहम माध्यम है। इसे भविष्य में और विशाल स्वरूप में आयोजित किये जाने के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11161/23 मध्यप्रदेश शासन आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024